रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 28 जनवरी 2018, बरेली
www.livehindustan.com

PAGE NO. 09 : MIDDLE LEFT

एसआरएमएस में इंस्पायर इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, बरेली में विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विभाग की ओर से विज्ञान कैंप इंस्पायर इंटर्नशिप शुरू हुआ। इसका शुभारंभ ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने किया। इसमें प्रदेश विभिन्न इंटर कॉलेजों से आए 200 से अधिक ट्रेनी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह विद्यार्थी आगामी पांच दिनों तक संस्था में रहकर प्रशिक्षण लेंगे। ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने विद्यार्थियों से कहा कि अपनी क्षमताओं को पहचाने। प्रथम वक्ता बरेली कॉलेज के डॉ. डीके सक्सेना पर्यावरण प्रबंधन व पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, जरूरत वाली 90 प्रतिशत चीजों के लिए हम पेड़-पौधों पर निर्भर हैं। उन्होंने छात्रों को पृथ्वी पर उपस्थित जीवन से अवगत कराया। कहा कि सभी को पर्यावरण मित्र बनकर पृथ्वी की रक्षा करनी चाहिए। द्वितीय वक्ता डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने छात्रों को गणित के इतिहास व विकास से अवगत कराया। गुणा करने के नए तरीकों को सिखाया और बताया कि कैसे गणित के विकास में भारत का विशेष योगदान रहा है। संचालन अंकिता टंडन ने किया।